# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 9 जून 2025
ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी
विक्रम संवत 2082


**PAGE NO : 10 MIDDLE**

## भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने मंच पर बिखेरा जलवा

बरेली। एसआरएमएस के रिद्धिमा सभागार में रविवार शाम नृत्यांकुर कार्यक्रम हुआ। इसमें भरतनाट्यम के गुरुओं और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भरतनाट्यम के विद्यार्थी चिरन्य, मायरा, पर्या आदि ने सरस्वती वंदना से किया।

इसके बाद गणेश वंदना, हनुमान चालीसा, चंद्रा चूड़ा, राजेश्वरी और शिवस्रोतों पर कथक के विद्यार्थियों ने अपने भाव प्रदर्शित किए। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ए और तनया भट्टाचार्य ने तुंग तरंगे गंगे और देवी दुर्गा को समर्पित शकित को अपने भावों से प्रदर्शित कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान देवमूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना मौजूद रहे। संवाद

